**हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय**
**Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University**
**श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174**
**Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174**
**(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)**
**(A Central University)**

पत्रांक : ग॰वि॰वि॰ / आर॰ओ॰ / 2025 / 413 दिनांक : 04 / 12 / 2025

**अति–आवश्यक**

# परिपत्र

इस कार्यालय के पूर्व निर्गत परिपत्र संख्या ग.वि.वि. / आर.ओ. / 2024 / 184 दिनांक 12.06.2024 का संज्ञान लेते हुए, समस्त सम्बन्धितों को अवगत कराना है कि वर्तमान में विश्वविद्यालय परीक्षायें सम्पादित हो रही हैं। परीक्षा कार्यों के सुचारू एवं सफल सम्पादन हेतु विश्वविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों को समय–समय पर परीक्षा कक्ष निरीक्षक / पयर्वेक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है। केन्द्राध्यक्ष द्वारा माननीय कुलपति महोदय के संज्ञान में लाया गया है कि कतिपय प्राध्यापकों द्वारा उनको आवंटित परीक्षा कार्य दायित्वों से अनुपस्थित रहने के कारण परीक्षा कार्यों में कठिनाईयां हो रही हैं।

अतः विश्वविद्यालय में कार्यरत् समस्त प्राध्यापकों / कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि वे उन्हें आवंटित परीक्षा कार्यों सम्बन्धी कार्य दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। ऐसे प्राध्यापकों / कार्मिकों जिन्हें चिकित्सकीय आधार पर चिकित्सा अवकाश पूर्व स्वीकृत हों वे केन्द्राध्यक्ष को सूचित करना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा कार्यों के संचालन की व्यवस्था की जा सके। अन्यथा की दशा में परीक्षा कार्य दायित्वों के निर्वहन में अनुपस्थिति रहने पर घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता मानीं जायेगी, एवं सम्बन्धित की एनुअल प्रफोरमेंस अप्रेजल रिपोर्ट में इसकी प्रविष्टि की जायेगी तथा पदोन्नति के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा संज्ञान लिया जायेगा।

यह परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त परिसर निदेशक / संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष को इस आशय से प्रषित कि सम्बन्धित विभाग में समस्त शिक्षकों को सूचित करें।
2- केन्द्राध्यक्ष, बिड़ला परिसर ।
3- अधिष्ठाता छात्र कल्याण / नियंता / मुख्य छात्रावास अधीक्षक / पुस्तकालयाध्यक्ष।
4- वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक / निदेशक आई.क्यू.ए.सी. / एम.एम.टी.सी.।
5- समस्त उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / जनसम्पर्क अधिकारी।
6- प्रभारी सिस्टम मैनेजर को उक्तानुसार विश्वविद्यालय की वैब साईट पर अपलोड करने हेतु।
7- सहायक कुलसचिव, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
8- गार्ड फाइल।

कुलसचिव